भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 मई 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा झारखंड के लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

देश की जनता ने पहले ही तय कर रखा है कि अगले प्रधानमंत्री भी श्री नरेन्द्र मोदी ही होंगे। 2014 से भी अधिक बहुमत से केंद्र में पुनः भाजपा सरकार बनाने जा रही है। देश को विश्व में सम्मान दिलाने वाला एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व चाहिए और वह केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही दे सकते हैं

****

कांग्रेस के एक परिवार की पांच-पांच पीढ़ियाँ गरीबी हटाने का नारा देकर गरीबों को गुमराह करती रही, उनके वोट हड़पती रही लेकिन गरीबी हटाने के लिए कुछ भी नहीं किया जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ही गरीबी पर कड़ा प्रहार किया और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनायें लागू की

****

आज देश में एक ओर 55 महीने में 55 साल से भी ज्यादा विकास करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा है तो वहीं दूसरी ओर घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई कांग्रेस है। भाजपा और कांग्रेस सरकार के कार्यों की तुलना की जाए तो हमारे 5 साल भी उनके 55 सालों पर भारी पड़ेंगे

****

झारखंड में आदिवासियों के कल्याण की बात करने वाले कई मुख्यमंत्री बने लेकिन आदिवासियों का उत्थान नहीं हुआ। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जनजाति आयोग बनाकर आदिवासियों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है और झारखंड को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है

****

बिना किसी करप्शन के 1 लाख युवाओं को नौकरी देने का काम रघुबर दास सरकार ने किया हैं जिसमें 95 प्रतिशत यहाँ के मूल निवासी हैं। 4 लाख 80 हजार छात्रों को छात्रवृत्तियां दी गई हैं और देवघर में एम्स सहित कई मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है जिससे लाखों लोगों को स्वास्थ्य लाभ होगा

****

भगवान् बिरसा मुंडा के सम्मान में उनकी जन्मस्थली पर स्मारक बनाने, 700 करोड़ की लागत से 322 किमी लंबी सड़कें बनाने, लगभग 3,300 करोड़ की लागत से 84 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने और 48,000 गरीब आदिवासियों के लिए आवास उपलब्ध कराने का काम भाजपा की रघुबर सरकार ने किया है

****

माघी पूर्णिमा मेले को राजकीय मेले का दर्जा प्रदान किया गया है तथा जमशेदपुर, देवघर, दुमका और बोकारो में नया एयरपोर्ट बनाने का काम किया गया है। डाकिया योजना के तहत गरीबों को, आदिवासियों को प्रति माह 35 किलो अनाज दिया जा रहा है

****

भाजपा सरकार ने लगभग 26 ग्रामीण जलापूर्ति योजनायें बनायी गयी जिसके तहत 5 लाख 16 हजार लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिलना सुनिश्चित हुआ है। किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 22 लाख किसानों को 6,000 रुपये प्रतिवर्ष और प्रति एकड़ 5 हजार रूपये झारखंड सरकार ने दिए

****

भारतीय जनता पार्टी की रघुबर सरकार ने सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया है - झारखंड से नक्सलवाद को लगभग-लगभग समाप्त करने का, जिससे प्रदेश में विकास की राह आसान हुई है

****

नरेन्द्र मोदी सरकार ने खनिज सम्पदा से संपन्न झारखंड राज्य को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड देकर आदिवासी कल्याण का एक नया अध्याय शुरू किया है। हमने तय किया है कि हर आदिवासी को घर, बिजली, पीने का पानी देंगे और हर आदिवासी के घर शौचालय पहुंचाने का काम तत्परता से किया जाएगा

****

संथाल परगना में महामिलावटियों द्वारा आदिवासियों के नाम पर वोट मांगे गए, उन्हें बहलाया-फुसलाया गया, आंदोलन किये गए लेकिन संथाल परगना के आदिवासियों का विकास किसी ने नहीं किया

****

सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक करके प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की पहचान पूरे विश्व में एक मजबूत राष्ट्र की बनाई। यह मोदी सरकार है, न्यू इंडिया है जहां दुश्मनों की गोलियों का जवाब गोले से दिया जाता है, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है

****

राहुल गाँधी, देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म करना आपके बूते की बात नहीं है, यह मोदी सरकार है - जो भी देश को टुकड़े-टुकड़े करने के नारे लगाएगा, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी

****

राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में दूसरा प्रधानमंत्री चाहते हैं और कांग्रेस चुप बैठी रहती है। राहुल गाँधी स्पष्ट करें कि वे इस बात का समर्थन करते हैं या नहीं। राहुल गाँधी चाहे जितनी ताकत लगा लें लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा, इसे भारत से कोई अलग नहीं कर सकता

****

श्री नरेन्द्र मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने पर हम समस्त देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे। साथ ही, हम धारा 370 को ख़त्म कर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे

****

हमारा संकल्प पत्र चुनावी घोषणापत्र नहीं है बल्कि यह भारत को महान बनाने का एक विजन डॉक्यूमेंट है। देश भर के किसानों को लोन पर पांच साल तक कोई इंटेरेस्ट नहीं देना पड़ेगा

****

केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर देश के सभी किसानों को हर साल 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जायेगी। सभी छोटे दुकानदारों, असंगठित क्षेत्र के कामगारों और किसानों को 60 साल की उम्र के बाद से प्रतिमाह पेंशन दी जायेगी

****

जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण के आधार पर चलने वाली पार्टियां देश का कभी भला नहीं कर सकती। इन्हें केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता है, झारखंड और देश के विकास की नहीं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज झारखंड के पाकुड़ जिला स्थित लिट्टीपाड़ा में आयोजित एक विशाल जन-सभा को संबोधित किया और और देश की सुरक्षा-संस्कृति को सुरक्षित रखने, झारखंड सहित पूरे भारतवर्ष में विकास की धारा को और तेज गति से बहाने और महामिलावटी गठबंधन के परिवारवादी अजेंडे को ध्वस्त करने के लिए केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने की अपील की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सर्वप्रथम झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हो, चाँद-भैरव और जुड़वां बहनें फूलो-जानो के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में कोई बड़ा नेतृत्व न होने के बावजूद संथाल परगना के भाई-बहनों ने कई बार अंग्रेजों के दांत खट्टे किये, जिसके लिए इस भूमि को शत-शत नमन है। उन्होंने कहा कि **देश की जनता ने पहले से ही यह तय कर लिया है कि देश के अगले प्रधानमंत्री भी श्री नरेन्द्र मोदी ही होंगे।** पूरे देश में उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक एक ही नाम है, एक ही लहर है और वह है - मोदी, मोदी। **2014 से भी अधिक बहुमत से केंद्र में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।**

कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस के एक परिवार की पांच-पांच पीढ़ियाँ गरीबी हटाने का नारा देकर गरीबों को गुमराह करती रही, उनके वोट हड़पती रही लेकिन गरीबी हटाने के लिए कुछ भी नहीं किया जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पांच वर्षों में ही गरीबी पर कड़ा प्रहार किया और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनायें लागू की हैं। आज देश में एक ओर 55 महीने में 55 साल से भी ज्यादा विकास करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी है, वहीं दूसरी ओर घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई कांग्रेस पार्टी है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस के 55 साल और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 5 वर्ष के कार्यों की तुलना की जाए तो हमारे 5 साल भी उनके 55 सालों पर भारी पड़ेंगे।** उन्होंने कहा कि पांच वर्ष में ही मोदी सरकार ने देश के ढाई करोड़ गरीबों के लिए घर के निर्माण कराया, लगभग सात करोड़ गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया, लगभग दो करोड़ 35 लाख परिवार में बिजली पहुंचाई गई, लगभग ढाई करोड़ घर बनाए गए, लगभग 8 करोड़ घरों में शौचालय का निर्माण कराया गया और आयुष्मान भारत योजना के तहत देश भर के लगभग 50 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा रहा है जिसके तहत अब तक लगभग 25 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **संथाल परगना में महामिलावटियों द्वारा आदिवासियों के नाम पर वोट मांगे गए, आदिवासियों को बहलाया-फुसलाया गया, आंदोलन किये गए लेकिन संथाल परगना के आदिवासियों का विकास किसी ने नहीं किया।** झारखंड की जनता द्वारा भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत सरकार बनाने के बाद **रघुबर दास सरकार ने संथाल परगना को पहली बार विकास के रास्ते ले जाने का काम किया।** उन्होंने कहा कि **भगवान् बिरसा मुंडा के सम्मान में उनकी जन्मस्थली पर स्मारक बनाने, 700 करोड़ की लागत से 322 किमी लंबी सड़कें बनाने, लगभग 3,300 करोड़ की लागत से 84 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने और 48,000 गरीब आदिवासियों के लिए आवास उपलब्ध कराने का काम भाजपा की रघुबर सरकार ने किया है।** सिर्फ राजमहल लोकसभा क्षेत्र में ही साहेबगंज में गंगा नदी पर 4 लेन का ब्रिज और बंदरगाह का निर्माण जारी है। 7 प्राथमिक आरोग्य केंद्र एवं 33 उप-केन्द्र बनाए गए। लगभग 50,000 लीटर क्षमता वाला डेयरी प्लांट लगाने और 2 गाय-दो भैंस देकर आदिवासी बहनों-माताओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम रघुबर दास सरकार ने किया। इतना ही नहीं, **माघी पूर्णिमा मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने, 4 लाख 80 हजार छात्रों को छात्रवृत्तियां देने, देवघर में एम्स की स्थापना तथा जमशेदपुर, देवघर, दुमका और बोकारो में नया एयरपोर्ट बनाने का काम भी झारखंड की भाजपा सरकार ने किया है।**

श्री शाह ने विकास कार्यों पर चर्चा जारी रखते हुए कहा कि **डाकिया योजना के तहत गरीबों को, आदिवासियों को प्रति माह 35 किलो अनाज दिया जा रहा है। दुमका मेडिकल कॉलेज की स्थापना से दुमका, गोड्डा, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज के 70 लाख लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार ने लगभग 26 ग्रामीण जलापूर्ति योजनायें बनायी गयीं जिसके तहत 5 लाख 16 हजार लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिलना सुनिश्चित हुआ है। बिना किसी करप्शन के 1 लाख युवाओं को नौकरी देने का काम रघुबर दास सरकार ने किया जिसमें 95 प्रतिशत यहाँ के मूल निवासी हैं। झारखंड में**

आदिवासियों के कल्याण की बात करने वाले कई मुख्यमंत्री बने लेकिन आदिवासियों का उत्थान नहीं हुआ। भारतीय जनता पार्टी की रघुबर दास सरकार ने अनुसूचित जनजाति आयोग बनाकर आदिवासियों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। मेडिकल कॉलेज की सीटें 300 से बढाकर 900 की गई। किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 22 लाख किसानों को 6,000 रुपया प्रतिवर्ष और प्रति एकड़ 5 हजार रूपये झारखंड सरकार ने दिए। 20 हजार किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिला और 57 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड वितरित किये गए हैं। **भारतीय जनता पार्टी की रघुबर सरकार ने सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया है झारखंड से नक्सलवाद को लगभग-लगभग समाप्त करने का जिससे प्रदेश में विकास की राह आसान हुई है।**

श्री शाह ने कहा कि **सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक करके प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की पहचान पूरे विश्व में एक मजबूत राष्ट्र की बनाई।** उन्होंने कहा कि **पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने पर एयरस्ट्राइक से पूरे भारतवर्ष में ख़ुशी की लहर थी लेकिन दुनिया में केवल दो ही जगह ऐसे थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान और दूसरा राहुल गाँधी एंड कंपनी के कैंप में।** राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा तो कहते हैं कि आपने छोटी सी बात के लिए एयरस्ट्राइक क्यों की? पाकिस्तान पर बम क्यों गिराया? **सैम पित्रोदा, हमारे 40 जवानों की शहादत छोटी बात नहीं है, हम ऐसे नृशंस और घृणित काम करने वालों से कभी बातचीत नहीं कर सकते। यह मोदी सरकार है, न्यू इंडिया है जहां दुश्मनों की गोलियों का जवाब गोले से दिया जाता है, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कह रही है कि वह देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म कर देगी। जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' के नारे लगते हैं और कांग्रेस पार्टी इसे अभिव्यक्ति की आजादी की संज्ञा देती है। उन्होंने राहुल गाँधी को चुनौती देते हुए कहा कि **राहुल गाँधी, देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म करना आपके बूते की बात नहीं है, यह मोदी सरकार है - जो भी देश को टुकड़े-टुकड़े करने के नारे लगाएगा, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।** उन्होंने कहा कि **जम्मू-कश्मीर में राहुल गाँधी के साथी नेशनल कांफ्रेंस के बड़े नेता जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं और कांग्रेस चुपचाप बैठी रहती है। राहुल गाँधी स्पष्ट करें कि वे इस बात का समर्थन करते हैं या नहीं। राहुल गाँधी, आप चाहे जितनी ताकत लगा लें लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा, इसे भारत से कोई अलग नहीं कर सकता।**

श्री शाह ने कहा कि हम अवैध घुसपैठियों की पहचान करने के लिए एनआरसी लेकर आये लेकिन कांग्रेस एंड कंपनी उसके विरोध में उतर गई। **देश की जनता पुनः प्रधानमंत्री पद पर श्री नरेन्द्र मोदी को आसीन करे, हम समस्त देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे।** हमने संकल्प पत्र में इस बात का उल्लेख किया है। इतना ही नहीं, **केंद्र में पुनः मोदी सरकार का गठन होने पर हम धारा 370 को ख़त्म करेंगे।**

संकल्प पत्र 2019 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि **हमारा संकल्प पत्र चुनावी घोषणापत्र नहीं है बल्कि यह भारत को महान बनाने का एक विजन डॉक्यूमेंट है।** देश भर के किसानों को लोन पर पांच साल तक कोई इंटेरेस्ट नहीं देना पड़ेगा। इतना ही नहीं, केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर देश के सभी किसानों को हर साल 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जायेगी। सभी छोटे दुकानदारों, असंगठित क्षेत्र के कामगारों और किसानों को 60 साल की उम्र के बाद से प्रतिमाह पेंशन दी जायेगी। 40 लाख रुपये तक के टर्नओवर पर जीएसटी और पांच लाख रुपये तक की व्यक्तिगत आय पर इनकम टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीब छात्रों के लिए शिक्षा और रोजगार में 10% आरक्षण का प्रावधान किया है। उन्होंने राज्य की जनता से आग्रह करते हुए कहा कि **राहुल गाँधी और महामिलावटी विपक्ष न तो देश को एक सक्षम सरकार दे सकते हैं और न ही एक मजबूत सरकार। इसलिए आप एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए पुनः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन करें।**

श्री शाह ने कहा कि **नरेन्द्र मोदी सरकार ने खनिज सम्पदा से संपन्न झारखंड राज्य को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड देकर आदिवासी कल्याण का एक नया अध्याय शुरू किया है और हमने तय किया है कि हर आदिवासी को घर, बिजली, पीने का पानी देंगे और हर आदिवासी के घर शौचालय पहुंचाने का काम तत्परता से किया जाएगा।** उन्होंने कहा कि **देश को विश्व में सम्मान दिलाने वाला एक मजबूत सरकार और निर्णायक नेतृत्व चाहिए और वह केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही प्रदान कर सकते हैं।** पिछले 5 वर्षों में मोदी जी ने जिस कुशलतापूर्वक सरकार चलाई है, देश की जनता फिर से, लम्बे समय तक मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और पूरी दुनिया में इस दौरान देश का सम्मान बढ़ा है। देश को सुरक्षित रखना और महाशक्ति बनाना है तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार लानी पड़ेगी, नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना पड़ेगा।

श्री शाह ने कहा कि **आज देश में दो खेमे दिखाई दे रहे हैं - एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा नीत एनडीए के रूप में देशभक्तों की टोली है तो वहीं दूसरी ओर राहुल गाँधी और महामिलावटी ठगबंधन का गठबंधन है।** उन्होंने कहा कि **जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण के आधार पर चलने वाली पार्टियां देश का कभी भला नहीं कर सकती। इन लोगों को अपने परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता है, झारखंड और देश के विकास की नहीं।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव